CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:45 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 143 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 26 नवंबर 2025



कैसे सच हुआ शाहरुख का...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### विद्युत चोरी के आरोपी को 3 माह के कारावास व 65 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा

**नैनीताल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम हरीश गोयल की अदालत ने विद्युत चोरी के एक आरोपी को 3 माह के कारावास व 65 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । अभियोजन पक्ष के अनुसार कुरियागांव लामाचौड़ निवासी संजय निगलटिया को विद्युत उप खण्ड अधिकारी कमलुवागांजा हल्द्वानी विद्या भूषण जोशी व अन्य ने विद्युत लाइन में तार डालकर विद्युत चोरी करते हुए पकड़ा था । आरोपी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुखानी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी । इस मामले में पुलिस चार्जशीट तथा विद्युत विभाग की रिपोर्ट के साथ ही जिला शासकीय अधिवक्ता फ ौजदारी व विद्युत विभाग के अधिवक्ता एम के जोशी के तर्कों के आधार पर कोर्ट ने संजय निगलटिया को विद्युत चोरी का दोषी ठहराते हुए 3 माह की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया।

### चोरों ने बैंकट हॉल से बुलेट पर किया हाथ साफ

**हल्द्वानी।** चोरों ने बैंकट हॉल से बुलेट पर हाथ साफ करते हुए पुलिस को चुनौती दी है वाहन स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है ग्राम आनंदपुर रामपुर रोड निवासी हर्षित नेगी पुत्र कुशाल सिंह नेगी 24 नवंबर की रात्रि अपनी बुलेट रामपुर रोड स्थित वैंकट हॉल में शादी समारोह में गया था। उसने अपनी बुलेट बैंक्विट हॉल की पार्किंग में खड़ी की जब कुछ देर के बाद वापस आया तो उसकी बाइक वहां नहीं थी उसने सीसीटीवी कैमरे में देखा तो दो दो युवक उसकी बुलेट को ले जाते दिखाई दिए पीड़ित में चोरों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोर पुलिस की ग्राफ्ट में होंगे।

# उत्तराखंड में बाहरी राज्यों से आई महिलाओं के लिए नया नियम

उत्तरांचल दीप
सलीम खान, हल्द्वानी

उत्तराखंड में रहने वाली उन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है, जो दूसरे राज्यों से विवाह के बाद यहां आई हैं। राज्य निर्वाचन विभाग जल्द ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन और अपडेट किया जाएगा। इस प्रक्रिया में बाहरी राज्यों की महिलाओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची से दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, दिसंबर या जनवरी से आरंभ होने वाले इस



अभियान के दौरान दस्तावेजों की की जांच की जाएगी। नियमों के तहत, 2003 के बाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से शादी करके उत्तराखंड आई महिलाओं को अपने मायके की वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में अपना नाम दिखाना अनिवार्य होगा। यदि वर्ष 2003 में महिला की उम्र 18 वर्ष से कम थी और उसका नाम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं था, तो आयोग ने

**पहचान**

- एसआईआर अभियान में 2003 की वोटर लिस्ट से साबित करनी होगी पहचान
- मायके की वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट से दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे

इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। ऐसी महिलाओं को अपने माता-पिता के वोट का विवरण एसआईआर फॉर्म में दर्ज करना होगा। यानी वर्ष 2003 की मतदाता सूची में माता-पिता का नाम उपलब्ध होना जरूरी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड द्वारा वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट वेबसाइट पर जारी की जा चुकी है, जबकि अन्य राज्यों की पुरानी सूचियां भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

अधिकारियों ने सलाह दी है कि महिलाएं समय पर अपने मायके से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर लें या ऑनलाइन डाउनलोड कर लें, क्योंकि एसआईआर प्रक्रिया शुरू होने के बाद जांच और भी सख्त हो जाएगी। फिलहाल राहत की बात यह है कि उत्तराखंड में मतदाता सूची अभी 'फ्रीज' नहीं हुई है। ऐसे में नाम, पता या आयु में किसी भी त्रुटि को अभी सुधरवाया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि दस्तावेजों को समय रहते दुरुस्त करना आगे होने वाली परेशानियों से बचाएगा।

संसद में संविधान दिवस समारोह

# राष्ट्रपति के नेतृत्व में संविधान के प्रस्तावना पाठ का आयोजन

नई दिल्ली
एजेंसी

संविधान दिवस, 2025 के उपलक्ष्य में संसद के संविधान सदन में बुधवार को समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सेंट्रल हॉल में हो रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कर रही हैं।

इसके अलावा उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम मोदी, लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला के अलावा केंद्रीय मंत्रियों का समूह भी सेंट्रल हॉल पहुंचा। विपक्ष की तरफ से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। यह मौका भारत द्वारा संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि का प्रतीक है। इस कार्यक्रम को सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की तरफ से संबोधित किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी वक्तव्य दिया। आखिर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को संदेश दिया और कहा कि संविधान में सामाजिक



न्याय प्रमुख है। आखिर में राष्ट्रपति के नेतृत्व में सेंट्रल हॉल में संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। संविधान दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में, सेंट्रल हॉल समारोह के दौरान डिजिटल मोड में कई योजनाओं का विमोचन किया गया। देश भर में, सभी केंद्रीय मंत्रालय/विभाग, उनके अधीनस्थ और संबद्ध कार्यालय, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारें और स्थानीय निकाय इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस प्रकार, संविधान दिवस, 2025 को देश के हर कोने में और विश्व में रहने वाले भारतीयों द्वारा संवैधानिक मूल्यों के राष्ट्रीय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम के दौरान भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ने का नेतृत्व करेंगी। इस कार्यक्रम के दौरान यादगार पुस्तिका भारत के संविधान में कला और कैलिग्राफी भी जारी की जाएगी।

# मौसम:नैनीताल में रात में गिर रहा है जमकर पारा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में भले ही इन दिनों दिन के समय गुनगुनी धूप खिलने से मौसम सुहावना जरुर बना है लेकिन रात में जमकर गिर रहे पाले की वजह से तापमान में काफी गिरावट दर्ज की जा रही है। रात में गिर रहे पाले से सुबह के समय ठिठुरन काफी बढ़ जा रही है।

बता दें नगर में दिनभर धूप खिलने की वजह से स्थानीय लोगों के साथ ही नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे सैलानियों को भी राहत मिल रही है लेकिन रात में जमकर पाला गिर रहा है,शाम को चार बजे के बाद से मौसम में बदलाव नजर आ रहा है और तेजी से ठंड शुरु हो रही है। रात में गिर रहे पाले की वजह से इन दिनों सुबह के समय लोगों की टिन की छतें बिलकुल सफेद नजर आ रही हैं दूर से देखने में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि नगर में रात के समय हल्की बर्फ गिरी हो। फिलहाल जिस तरह से रात के समय में तापमान में गिरावट देखने को मिल रही है अगर मौसम का आने वाले दिनों में यह मिजाज रहा तो मौसम में तेजी से बदलाव होने के साथ ही बर्फबारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को नगर का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।



# बागेश्वर जिले में अवैध खड़िया मामले में हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर पंजीकृत की गई व कई जनहित याचिकाओं व खनन इकाइयों के मामले पर एक साथ सुनवाई बुधवार को भी की। पूर्व में कोर्ट ने जिला खान अधिकारी से पूछा था कि खनन कार्य में लगे वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगा है या नहीं कोर्ट को अवगत कराएं लेकिन उनके द्वारा बीते आज कोर्ट से इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए 24 घण्टे का समय मांगा था जो बुधवार को उनके द्वारा कोर्ट में पेश किया गया। इस पर कोर्ट ने मामले की सुनवाई वीरवार भी जारी रखी है, साथ में कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग को यह भी निर्देश दिये हैं कि जुलाई में खनन व्यवसायी नवीन परिहार के खिलाफ जो स्वत: संज्ञान लेकर अवमानना याचिका दायर की गई थी उसे भी वीरवार सुनवाई के लिए इन याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध करें। याचिकाकर्ता का कहना है कि खनन कार्य मे लगे वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाना अनिवार्य है। उन वाहनों का ई रमन्ना पोर्टल पर भी इंट्रीरिग्रेशन होना भी अनिवार्य है। जो खनन नियवमली में दर्ज है।

लेकिन कई वाहनों पर जीपीएस सिस्टम नही लगा होने के कारण अवैध खनन हो रहा है। इसलिए इसकी रिपोर्ट मंगाई जाय। मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद व न्यायमूर्ती सुभाप उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई।

# जी एन जी और डी के स्पोर्ट्स ने जीते अपने-अपने मुकाबले

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-14 जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन मुकाबला कोल्ट्स क्रिकेट ग्राउंड में जी एन जी और एकलव्य क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।एकलव्य क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जी एन जी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 285 रन बनाये । विहान बवारी ने 121, ईशान जोशी ने 39, बृजमोहन सिंह ने 32 और कृष्णम पाण्डे ने 30 रनों का योगदान दिया। एकलव्य क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज देवांश ने 4, दीपांशु और गजेंद्र ने 1-1 विकेट लिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 29वें ओवर में 121 रन बनाकर आल आउट हो गयी। उत्कर्ष बिष्ट ने 47 और ओम ऐठानी ने 19 रनों का योगदान दिया। जी एन जी के गेंदबाज जय ने 3, प्रखर और नमन ने 2-2 विकेट लिए। जी एन जी क्रिकेट अकादमी ने 164 रनों से मैच जीत लिया । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार शतक बनाने के लिए विहान बवारी को दिया गया।




आज का दूसरा मैच जी एन जी क्रिकेट ग्राउंड में डी के स्पोर्ट्स अकादमी और काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी के बीच खेला गया। काठगोदाम स्पोर्ट्स अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाये। केवल यश अनेरिया 36, मेहुल गोस्वामी 26 और चित्रांश 16 रन ही कुछ शंघर्ष कर सके। डी के स्पोर्ट्स अकादमी के गेंदबाज देवांग नेगी और आयुष जोशी ने 3-3 और तेज जोशी ने 1 विकेट लिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी डी के स्पोर्ट्स अकादमी ने 25वें ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत लिया। भावेश रावत ने नाबाद 64 और हार्दिकराज ने नाबाद 48 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवांग नेगी को दिया गया। अंपायर की भूमिका में गौरव नेगी, सौम्य, भूपेश और कुशाग्र रहे जबकि स्कोरर की भूमिका हरप्रीत सिंह कम्बोज और निकित ने निभाई।

इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राहुल छीमवाल ने दोनों ही टीमों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपने , आनंद बिष्ट,किशन अनेरिया, निश्चल जोशी, मनोज भट्ट,नरेंद्र अधिकारी, त्रिलोक जीना, पंकज गुरुरानी, योगेश चौहान ,संजय चौधरी , विक्रम बोरा, धर्मेंद्र पाल , प्रशांत भंडारी, ,विजय आर्या , मनोज पंत आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार में आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा उत्तराखण्डः पासी

## भाजपा जिला कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा नेता ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व सांसद बलराज पासी ने केंद्र और उत्तराखंड सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर विकास को नई ऊँचाइयों पर ले जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व में आज उत्तराखनड न सिर्फ धार्मिक पर्यटन में अग्रणी बन रहा है, बल्कि आधुनिक बुनियादी ढाँचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, यातायात और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से आगे ब? रहा है। केन्द्र सरकार की 2 लाख करो? रुपये से अधिक की योजनाओं पर आज राज्य में कार्य चल रहे हैं। बाबा केदार की नगरी श्री केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य आधुनिक तकनीक और पारम्परिक स्वरूप दोनों को ध्यान में रखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत स?क, पार्किंग, आवासीय सुविधाओं और तीर्थ यात्रियों के लिए सभी सुविधाओं को सुदृ? किया जा रहा है। सुव्यवस्थित यात्र



मार्गों का व्यापक कायाकल्प हो रहा है जिससे यात्र अब भी सुरक्षित, सुगम और पर्यावरणीय रूप से भी टिकाऊ बने। पासी ने बताया कि केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे परियोजना से श्रद्धालुओं की यात्र में समय की बचत होगी और धामों तक पहुँच और सुगम होगी। यह परियोजना एक विश्वस्तरीय पर्यटन ढाँचे का उदाहरण बनते जा रही है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड की लाइफलाइन बन रही है। इससे न केवल पर्यटन और व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि आपदा के समय राहत कार्यों में भी गति आएगी। पर्यटकों, व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। सोंग व जमरानी बाँध परियोजनाएँ उत्तराखंड के जल संकट के दीर्घकालिक समाधान का माध्यम हैं। जल जीवन मिशन हर घर जल योजना पर बोलते हुए पासी ने कहा कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का लक्ष्य तेजी से पूरा हो रहा है। अब हजारों पहा?ी गाँवों में नल से जल पहुँच रहा है, जिससे महिलाओं का समय बचा है और जीवन स्तर बेहतर हुआ है। पूर्व सांसद पासी ने कहा कि एक वर्ष में कांग्रेस जितना लाभ खनन से राज्य को नहीं दिला पायी, उतनी उनसे अधिकतम धामी सरकार पुरस्कार के रूप में अर्जित कर रही है। पासी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पारदर्शी नीति, उत्कृष्ट प्रदर्शन और 'लगातार सुधार' ने केंद्र को एक बार फिर राज्य सरकार के समर्थन में प्रोत्साहन राशि प्रदान करने में सक्षम बनाया है।प्रदेश में खनन कार्यों से लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। द्योगों को भी आर्थिक लाभ मिल रहा है।पूर्व सांसद पासी ने कहा कि उत्तराखंड में आज स्वास्थ्य के साथ, परिवहन, हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है। सरकार शिक्षा रोजगार हर क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। चिकित्सा के क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड का लाभ आज लाखों परिवारों को मिल रहा है। यहां पर जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मीडिया संयोजक विजय तोमर समेत कई नेता मौजूद रहे।

## NEWS / फटाफट

### बी.एड.प्रवेश परीक्षा:संस्थान की स्वीकृति होगी 29 तक

**नैनीताल** । उत्तराखंड राज्य संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2025-27 हेतु आवंटित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त विकल्पों तथा अभयर्थियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेज एवं कुल अंकों के आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार अभयर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों,संस्थानों का आवंटन किया गया है। कुलसचिव कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल डॉ. एम एस मंद्रवाल ने बताया कि अभयर्थियों को अवगत कराया जाता है कि अपने आवंटित महाविद्यालय/संस्थान को स्वीकृति प्रदान करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर 2025 से 29 नवंबर 2025 शाम0 30 बजे तक निर्धारित है।स्वीकृति के उपरांत अभयर्थियों को 29 नवंबर 2025 शाम 5 बजे तक संबंधित महाविद्यालय/संस्थान में अपना प्रवेश अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना होगा।

### पुलिस को झूठी फायरिंग की सूचना देना पड़ा महंगा

**नैनीत**। जिले की भीमताल पुलिस ने झूठी फायरिंग की सूचना देने पर एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें डॉ.0जगदीश चन्द्र एसपी क्राइम/ट्रैफि क के मार्गदर्शन एवं अमित कुमार पुलिस उपाधीक्षक भवाली के पर्यवेक्षण में रविवार यानी 24 नवंबर को रात्रि कॉलर द्वारा सातताल में बर्थ डे पार्टी में झगड़े व फ ायरिंग होने तथा एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना डायल 112 पर दी गई।सूचना मिलते ही उ0प निरीक्षक0 महेन्द्र राज सिंह चीता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुँचे जहाँ न कोई व्यक्ति मौजूद मिला और न ही किसी प्रकार की फ ायरिंग/झगड़े की घटना सत्यापित हुई। स्थानीय लोगों से पूछताछ पर विदित हुआ कि यहाँ जन्मदिन मना रहे 10-12 युवकों में आपस में कहासुनी हुई थी लेकिन किसी प्रकार की फ ायरिंग नहीं हुई। कॉलर द्वारा दी गई सूचना पूरी तरह झूठी पाई गई।पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कॉलर अमित सिंह सूर्या पुत्र भुवन सिंह सूर्या निवासी सूर्यागाँव भीमताल नैनीताल को मौके से हिरासत में लेकर लिखित माफ ीनामा प्रस्तुत करने पर उसके विरुद्ध पुलिस एकट के तहत चालानी कार्यवाही की गई।

### राज्य आंदोलनकारी गुरुरानी ने पौधरोपण हेतु किया प्रेरित

**नैनीताल** । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 498 वें दिन भी जारी रहा। डीडीहाट में पौधारोपण अभियान के 498वें दिन अभियान को विवाह समारोह



से जोड़ते हुए डीडीहाट के सिटोली गांव में सिटोली निवासी कृष्ण सिंह बोरा व लीला बोरा ने पुत्री गीता के परिणय सूत्र में बंधने से पूर्व पौधारोपण किया। कृष्ण सिंह बोरा ने कहा कि अब वह इस पौधे का अपने परिवार के सदस्य के रूप में संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति की सेवा करने का उनको सौभाग्य मिल रहा है। पौधारोपण से सभी को जुडना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम की ग्रामीणों ने सराहना की । दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आजकल प्रतिदिन वह विवाह समारोह में जाकर बर बधू से और उनके परिवार जनों से पौधारोपण अभियान के माध्यम से पौधे लगाकर प्रकृति का संरक्षण कर रहे हैं।

### कार में लगाया जैमर तो पुलिस से अभद्रता पर उतरी महिला पर्यटक

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल में पुलिस ने नैनी झील किनारे पार्क वाहन पर जैमर लगाया तो महिला पुलिस से भिड़ गई। पुलिस ने चालान के बाद महिला महिला को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ दिया । जानकारी के अनुसार यूपी से घूमने आए पर्यटक तल्लीताल झील किनारे वाहन यूपी 14 ईएच 6070 पार्क कर घूमने के लिए चले गए। इस दौरान पुलिस ने कार में जैमर लगा दिया। कुछ देर बाद वापस आए पर्यटकों ने कार में जैमर लगा देखा तो वह पुलिस चौकी पहुंच गई। इस दौरान महिला पर्यटक ने पुलिस चौकी पर जैमर हटाने को कहा। इस दौरान जब पुलिस ने चलानी कार्रवाई की बात कही तो वह आग बबुला हो गई। इस दौरान वह पुलिस से अभद्रता पर उतर आई। पुलिस ने वाहन सीज करने की बात कही तो महिला शांत हुई। एसआई श्याम बोरा ने बताया कि नो पार्किंग जोन पर वाहन पार्क करने पर यूपी लखनऊ निवासी राजकुमार के खिलाफ एमवी एकट में चालानी कार्रवाई की गई।



# खोए हुए मोबाईल मिलने पर लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मंगलवार को कोतवाली परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीओ सिटी प्रशांत कुमार और कोतवाल मनोज रतूड़ी ने रूद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में लोगों के खोये 70 मोबाईल बरामद करने के बाद मोबाइल स्वामियों को लौटाकर उनके चहरें पर खुशियां बिखेर दी। सीओ सिटी ने बताया कि क्षेत्र में दर्जनों लोगों ने अपने मोबाईल खोने की सूचना पुलिस में दी। जिनमें से पुलिस ने 70 मोबाईलों को अथक प्रयासों से बरामद किये गये। बरामद मोबाईल उनके स्वामियों को सौपे गये। खोये मोबाईल फिर से वापस अपने पास देखकर लोगों के चहरों पर खुशी छा गई और उन्होंने पुलिस का धन्यवाद किया। इस मौके पर कोतवाल मनोज रतू?ी ने कहा कि लोगों को अपने मोबाईल खोने अथवा छीन लिये जाने की सूचना आवश्यक प्रपत्रें के साथ तत्काल पुलिस को देनी चाहिए।ताकि पुलिस उन्हें बरामद कर सके। उन्होंने बताया कि 70 खोये मोबाईल बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे गये है। जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रूपये है। इस मौके पर एसएसआई अनिल जोशी,नरेश जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के नेतृत्व में निकाली एकता पदयात्रा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई भाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर ट्रांजिट कैंप फुटबाल मैदान से विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व ने भाजपा कार्यकताओं ने एकता पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए थे।

इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देश के प्रथम गृहमंत्री देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती पर के अवसर पर एकता पदयात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में नौजवान महिला सड़को पर पैदल तिरंगा हाथ में लिए कैंप क्षेत्र से निकले। पदयात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है। सरदार वल्लभभाई पटेल का देश के प्रति अतुल्य योगदान व उनकी राष्ट्र सेवा जो करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा का कार्य करती है, उनकी देश सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता आज हम जिस भारत मैं आजादी की सांस ले रहे हैं उसे भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जिला अध्यक्ष कमल जिंदल भी एकता यात्रा में शामिल हुए। बताया कि जनपद में इसी प्रकार एकता पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, सांसद प्रतिनिधि अनुभव चौधरी,भारत भूषण चुघ, प्रीत ग्रोवर,वेद टुकराल,मुकेश पाल, पार्षद पवन राणा, विजय तोमर,सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य, सुनील यादव,मनोज मदान, मयंक कक्कड़, नरेश प्रजापति, रश्मि रस्तोगी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुना बाबू राजपूत

# उत्तराखंड की जनता ने फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा दिवाकर भट्ट को

नैनीताल
हमारे संवाददाता

उक्रांद के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष व नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक रहे डा.नारायण सिंह जंतवाल ने उक्रांद के संस्थापक सदस्य तथा राज्य आंदोलन को धार देने में अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करने वाले दिवाकर भट्ट के दिवंगत होने पर गहरा दु:ख जताया है।

डा.जंतवाल के मुताबिक अभी देहरादून में इन्द्रेश अस्पताल में उनसे मिले तो भी उनका अन्दाज हमेशा की तरह ही था बेझिझक तथा निडर होकर अपनी बात कहने का! उनकी इस शैली में बातचीत व संवाद ने उत्तराखंड के लोगों ने उन्हें सशक्त नेता के रूप में स्वीकार करते हुए फ ील्ड मार्शल की उपाधि प्रदान की। कहा कि विकास खंड व जिला पंचायत स्तर पर भी उनके नेतृत्व का लोहा लोगों ने माना। उत्तराखंड सरकार में मंत्री के



रूप मे भी उत्तराखंड के सरोकारों को लेकर वह हमेशा सजग रहे,इतना ही नहीं कर्मचारियों को एकजुट कर उनके हितों के लिए भी लड़ाई लड़ते रहे। उत्तराखंड क्रांति दल के संस्थापक सदस्य रहे ! दल में कई पदों पर रहने के साथ ही अध्यक्ष पद रहते दल को जुझारू तेवरों के साथ आगे बढ़ाया।

डा.जंतवाल के मुताबिक उनके निधन से जहां उत्तराखंड के सरोकारों के लिए एक बुलंद आवाज सुनी हो गई है साथ ही उत्तराखंड क्रांति दल के लिए तो यह बहुत बड़ा आघात है। डा.जंतवाल ने कहा कि वयक्तिगत रूप से मेरे लिए भी यह बड़ी क्षति है उनके साथ आत्मीय संबंध व तमाम।

# झा राजकीय इंटर कॉलेज में वंदे मातरम कार्यक्रम

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

संविधान दिवस व वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में वंदे मातरम कार्यक्रम आयोजित किया गया। वंदे मातरम कार्यक्रम पूरे देश में मनाया जा रहा है और केंद्र तथा राज्य की सरकार वंदे मातरम कार्यक्रम के जरिए युवाओं को देश प्रेम के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

इसी के तहत आज बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ झा कॉलेज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रों को प्रार्थना सभा में संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम का अर्थ है मैं मां को नमन करता हूं अथवा हे मां तुम्हें प्रणाम करता हूं जो भारत माता के प्रति सम्मान को दर्शाता है ।यह वाक्य बंकिम चंद्र चटर्जी के उपन्यास आनंद मठ से लिया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार वंदे मातरम के जरिए देशभक्ति की अलख जगा रहे हैं ताकि आज की युवा पीढ़ी यह जान सके



**आयोजन**

- कोई भी देश बिना युवा शक्ति के संगठित हुए आगे नहीं बढ़ सकता चुघ

कि किस प्रकार से इस देश की रक्षा के लिए असंख्य युवाओं ने अपने जीवन का बलिदान किया है।सदैव वंदे मातरम और राष्ट्र प्रेम की ज्योत को जगाया है। कोई भी देश बिना युवा शक्ति के संगठित हुए आगे नहीं बढ़ सकता। चुघ ने कहा कि केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि देश के प्रत्येक स्कूलों में वंदे मातरम अनिवार्य रूप से गाया जाएगा ताकि सभी युवाओं में देशभक्ति का जज्बा बना रहे। उन्होंने कहा कि यदि देश का युवा मजबूत होगा तभी राष्ट्र मजबूत हो सकता है। इस दौरान प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे, सुशील यादव, राजपति बिंद, गिरीश शर्मा ,दिनेश शुक्ला, विपिन गुप्ता, पूजा बत्रा, इंदिरा, मोहन चंद्र जोशी, कृष्णा राम आर्य ,गोविंद सिंह बिष्ट, शंकर दत्त पाठक, लुकमान, विशाल यादव समेत तमाम छात्र मौजूद थे।

# अभिमत

## सौंदर्य और संपदा

*सभी लोगों को दलगत सियासत से अलग हटकर जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करना होगा। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को उनकी अवधारणा के अनुरूप साकार करके पर्वतीय राज्य का विकास करना होगा। राज्य गठन की रजत जयंती पर एक स्वर से स्वीकार किया गया है कि आर्थिक रूप से पहाड़ और वहां के पुश्तैनी लोग और पिछड़ गये। राज्य आंदोलनकारियों के त्याग की अनदेखी हुई। जल, जंगल, जमीन को नहीं बचाया जा सका। इसके लिए खुद को कोई माफ नहीं कर सकता।*

हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के जल, जंगल, जमीन पहाड़ का आकर्षण के साथ राज्य की संपदा है। उत्तराखंड का जब भी नाम जिह्वा पर आता है तो दिमाग में सबसे पहले पहाड़ का प्राकृतिक सौंदर्य उभर आता है, जो राज्य गठन के बाद बदरंग होता जा रहा है। पहाड़ से हजारों लोग पलायन कर रहे थे और राज्य बनने के बाद भी मूल निवास छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। कोई रोजगार के लिए कहीं चला गया है तो किसी ने अपनी जमीन और घर बेचकर मैदानी क्षेत्र में जाकर ठिकाना बना लिया है। पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पहाड़ पर रोजगार है नहीं, खेती और बागवानी से गुजर नहीं हो रही है। कृषि को जंगली जानवरों से नुकसान होता है। खेती पूरी तरह से वर्षा पर निर्भर है। अतिवृष्टि से पूरा खेत ही बह जाता है। दैवीय आपदा से जान-माल को हमेशा खतरा रहता है। पलायन करना पहाड़ के लोगों की मजबूरी हो गई है। इन सबके निदान के लिए जन प्रतिनिधि, नेता, मंत्री, अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जनमानस को आगे आना होगा। किसी न किसी रूप में इस राज्य के विकास में सहयोग करना होगा। हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, सिर्फ यह कह कर कि यह सरकार का काम है अथवा विभिन्न सरकारी विभागों की जिम्मेदारी है, एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपने दायित्व से पल्ला नहीं झाड़ सकते। अलग उत्तराखंड राज्य का गठन यहां रहने वाले सब लोगों के लिए किया गया था। यदि कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो सुधारने के लिए आवाज उठानी होगी, यदि संभव को तो गलत करने वाले को स्वयं रोकना होगा। राज्य के हित में हर संभव सहयोग करना पड़ेगा। राज्य के विकास के लिए किसी न किसी रूप में योगदान करना होगा। जल स्रोतों को बचाना होगा, जंगल से पेड़ काटने से रोकना होगा। कृषि के लिए उत्तम जमीन को खेती के लिए अन्य कार्य से बचाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों को आगे आना होगा। खास तौर पर राजनीति से जुड़े सभी लोगों को दलगत सियासत से अलग हटकर जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ काम करना होगा। राज्य आंदोलनकारियों के सपनों को उनकी अवधारणा के अनुरूप साकार करके पर्वतीय राज्य का विकास करना होगा। राज्य गठन की रजत जयंती पर एक स्वर से स्वीकार किया गया है कि आर्थिक रूप से पहाड़ और वहां के पुश्तैनी लोग और पिछड़ गये। राज्य आंदोलनकारियों के त्याग की अनदेखी हुई। जल, जंगल, जमीन को नहीं बचाया जा सका। इसके लिए खुद को कोई माफ नहीं कर सकता।

# उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सुनाया महत्वपूर्ण निर्णय

## अंशु सागर और सहित कई अन्य याचिकाओं पर सुनवाई हुई हाईकोर्ट में

नैनीताल
हमारे संवाददाता



उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि दूसरे राज्य की अनुसूचित जाति की महिलाएं जो विवाह के उपरांत उत्तराखंड में बसी हैं उन्हें राज्य की सरकारी नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकल पीठ ने यह फैसला श्रीमती अंशु सागर और सहित कई अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया।

कोर्ट ने माना कि आरक्षण का अधिकार क्षेत्र विशिष्ट होता है और यह प्रवास के साथ स्थानांतरित नहीं होता। याचिकाकर्ता अंशु सागर जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की निवासी थीं का विवाह उत्तराखंड के एक अनुसूचित जाति के निवासी से हुआ था। वे जन्म से जाट समुदाय से हैं जो यूपी में अनुसूचित जाति है। विवाह के बाद उन्होंने उत्तराखंड के जसपुर से जाति प्रमाण पत्र और स्थायी निवास प्रमाण पत्र प्राप्त किया और सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक भर्ती के लिए आरक्षण का दावा किया जिसे विभाग ने अस्वीकार कर दिया था। राज्य सरकार की ओर से तर्क दिया गया कि 16 फ रवरी 2004 और अन्य शासनादेशों के अनुसार आरक्षण का लाभ केवल उत्तराखंड के मूल निवासियों के लिए है। सरकार ने दलील दी कि पड़ोसी राज्यों के निवासीए भले ही वे उत्तराखंड से जाति प्रमाण पत्र बनवाने में सफल हो जाएं, सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण के हकदार नहीं होंगे। यह तर्क दिया गया कि जाति का दर्जा जन्म से तय होता है विवाह से नहीं। अदालत ने अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट के मैरी चंद्र शेखर राव और श्रंजना कुमारी बनाम उत्तराखंड राज्य जैसे प्रमुख फैसलों का हवाला दिया। इन फैसलों में सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही यह सिद्धांत स्थापित किया है कि संविधान के अनुच्छेद 341 और 342 के तहत अनुसूचित जातिध्जनजाति की सूची उस राज्य के संबंध मे होती है। इसलिए एक राज्य में अनुसूचित जाति माना जाने वाला व्यक्ति दूसरे राज्य में स्वतः ही वह दर्जा हासिल नहीं कर सकता। फैसले में स्पष्ट किया गया कि प्रवास चाहे वह स्वैच्छिक हो या अनैच्छिक (जैसे शादी के कारण) किसी व्यक्ति को दूसरे राज्य में आरक्षण का अधिकार नहीं देता। कोर्ट ने कहा कि यदि प्रवासियों को आरक्षण का लाभ दिया जाता हैए तो यह उस राज्य के मूल अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों के संवैधानिक अधिकारों का हनन होगा। एक राज्य का आरक्षित वर्ग दूसरे राज्य में सामान्य वर्ग के रूप में माना जाएगा।

न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि भले ही दोनों राज्यों (मूल राज्य और प्रवास वाले राज्य) में जाति का नाम समान हो फि र भी आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। अंशु सागर के मामले में भले ही जाटव या श्वाल्मीकि जाति दोनों राज्यों में अनुसूचित जाति सूची में है फि र भी यूपी में जन्मी महिला उत्तराखंड में एस सी कोटे की हकदार नहीं हो सकती। जाति प्रमाण पत्र जारी होना भी सुप्रीम कोर्ट के संवैधानिक पीठ के फैसलों की कठोरता को कम नहीं कर सकता। इस आधार पर कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं द्वारा मांगी गई राहत को खारिज कर दिया और उनकी रिट याचिकाएं निरस्त कर दी गईं। यह फैसला भविष्य में अन्य राज्यों से आकर उत्तराखंड में बसने वाले उममीदवारों के लिए एक स्पष्ट नजीरा पेश करता है।

## पार्क वाहन को क्षतिग्रस्त कर भागा पर्यटक

**नैनीताल** । नगर के बारापत्थर क्षेत्र में सड़क किनारे पार्क एक टैकसी वाहन को कार सवार पर्यटक टक्कर मार फरार हो गए। टैक्सी चालकों ने पीछा कर पर्यटकों के वाहन को नारायण नगर के समीप पकड़ लिया। काफी देर तनातनी के बाद आखिरकार कोतवाली पहुंच दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी रोहित आर्या ने मंगलवार शाम को अपना वाहन बारापत्थर पार्किंग में खड़ा किया था। कालाढूंगी की ओर जा रहे हरियाणा नंबर के वाहन ने उसके वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर मारने के बाद पर्यटक कार लेकर फरार हो गए। टैक्सी चालकों ने पीछा कर पर्यटकों के वाहन को नारायण नगर के समीप रोक लिया। जहां दोनों पक्षों में जमकर तनातनी हुई। जिसके बाद कोतवाली पहुंच रोहित पर्यटकों पर कार्रवाई की मांग करने लगा। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि हरियाणा निवासी बलराम द्वारा नुकसान की भरपाई करने की बात पर दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

# डॉ एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज में सेवा संकल्प (धारिणी) की नशामुक्ति जागरूकता मुहिम

टनकपुर
हमारे संवाददाता

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग कॉलेज में सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन द्वारा नशा मुक्ति जनजागरूकता एवं युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में संस्थान के छात्र छात्राओं सहित विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नशा मुक्ति संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए सूचना विभाग के कुमाऊँ लोक सांस्कृतिक कला दर्पण, लोहाघाट दल ने एक मार्मिक एवं विचारोत्तेजक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। साथ ही एक लघु फ़ल्मि के माध्यम से भी नशा मुक्ति का सशक्त संदेश प्रसारित किया गया।महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विचार-संवाद, चर्चा एवं नशा मुक्त उत्तराखंड विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की।




प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें उत्तम तिवारी ने प्रथम, मोनिका पांडे ने द्वितीय और दिया जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के डायरेक्टर एचएल मंडोलिया ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा वर्ग ही समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है, और ऐसे आयोजन उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने नो टू ड्रग्स सेल्फ़ी अभियान में हिस्सा लेकर समाज को स्पष्ट संदेश दिया। सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन की संस्थापक ट्रस्टी गीता धामी ने प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए सामूहिक नशा मुक्ति शपथ दिलाई।

इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा गोविंद सामंत,अध्यक्ष बनबसा रेखा देवी, अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा,सीओ वंदना वर्मा, निरीक्षक चेतन रावत, एनटीएफ प्रभारी सोनू बोरा आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कैसे सच हुआ शाहरुख का सपना, मन्नत से पहले बंगले का नाम





*शाहरुख खान और मन्नत की अनोखी कहानी के बारे में ज्यादा कोई नहीं जानता है। लेकिन क्या आपको पता है पहले मन्नता का नाम क्या था और कैसे शाहरुख ने इस बंगले को अपना बनाया। शाहरुख खान के मन्नत जैसे आलीशान बंगले पाने की ख्वाहिश हर किसी को होगी। आज पूरी दुनिया किंग के बंगले में एक बार जाने के लिए तरसती है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि शाहरुख ने इसे सबसे पहले साल 1997 में फिल्म यस बॉस की शूटिंग के दौरान देखा था और वहीं कह दिया था- एक दिन ये मेरा होगा। यस बॉस के गाने चांद तारे तोड़ लाऊं.. की शूटिंग बांद्रा के बैंडस्टैंड पर हो रही थी। सामने समुद्र था और ठीक उसके किनारे एक बहुत सुंदर पुराना बंगला था। शूटिंग के दौरान शाहरुख ने उस बंगले की तरफ इशारा करके अपनी को-स्टार जूही चावला और डायरेक्टर अजीज मिर्जा से कहा, देखो, ये घर मैं एक दिन जरूर खरीदूंगा। उस समय किसी ने नहीं सोच सकता था कि शाहरुख के मजाक में कही यह बात सच हो जाएगी। एक इंटरव्यू के दौरान शाहरुख ने बताया था कि वो दिल्ली में पले-बढ़े थे और वहां उनके पास भी एक बंगला था। मुंबई आने के बाद वो हमेशा सोचते थे कि अगर यहां घर लेंगे तो बहुत बड़ा और खुला-खुला बंगला ही लेंगे, जो दिल्ली वाले घर की याद दिलाए। मन्नत को देखते ही उन्हें लगा कि यही वो घर है। साल 2001 में शाहरुख-गौरी ने ये बंगला खरीद लिया। पहले इस बंगले का नाम जन्नत था। फिर 2005 में इस आलीशान बंगले का नाम जन्नत से बदलकर मन्नत कर दिया गया, क्योंकि ये शाहरुख के मन की इच्छा (मन्नत) पूरी होने का प्रतीक था।*

### शाहरुख खान का वर्कफ्रंट

*शाहरुख जल्द ही फिल्म किंग में नजर आएंगे, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान भी अहम भूमिका में होंगी। यह फिल्म 2026 के आखिर में रिलीज हो सकती है। फिल्म किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसका निर्माण गौरी खान और ममता आनंद ने रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ़्लिक्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। इस फिल्म में शाहरुख खान और सुहाना खान के अलावा अभिषेक बच्चन भी मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं।*

# लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में वंदे मातरम् गायन के साथ मनाया गया संविधान दिवस

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में वंदे मातरम् गायन कर भारत का संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बढ़-चढ़कर सविधान में वर्णित अनुसूचियों, धाराओं-उपधाराओं आदि के बारे में जानकरी प्रदान की गई। कक्षा नवीं के छात्र सागनिक डे, छठी के छात्र सार्थक पान्डे व ओजस्वनी नयाल ने अंग्रेजी में, कार्तिक पटवाल ने हिन्दी में विचार रखते हुए सभी को संविधान की सरचना, उद्देश्य, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया। कक्षा तीन के विद्यार्थियों दिविशा आर्या ने हिन्दी में तथा मानवी ने अंग्रेजी में कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर वन्दे मातरम् का गायन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य/ निदेशक श्री एस0एस0नेगी ने संविधान के प्रति सच्ची निष्ठ रखकर वर्तमान में सविधान की महत्वता और उपयोगिता पर बल देते हुए सभी विद्यार्थियों से संविधान के मूलभूत तत्वों को समझने का अवहान किया और राष्टीय गीत वन्दे मातरम् के माध्यम से देश के स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की कुर्बानियों की भावना से इसे जोड़कर समझने को कहा।



## News कॉर्नर

### रोडवेज स्टेशन के समीप सड़क की सुरक्षा दीवार ढहने का खतरा

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल में रोडवेज स्टेशन के समीप हल्द्वानी रोड पर गड्ढा होने से सड़क ढहने का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने प्रशासन से सुरक्षा करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार तल्लीताल रोडवेज के समीप हल्द्वानी रोड के किनारे पर गड्ढा उभर गया है जिससे सुरक्षा दीवार ढहने का खतरा बन गया है लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में चूहों की संखया ज्यादा होने के चलते यहां पर गड्ढा खतरा बन गया है। अगर इसका जल्द उपचार नहीं किया गया तो सड़क की सुरक्षा दीवार कभी भी ढह सकती है। उन्होंने जल्द से जल्द सड़क के गड्ढे को भरकर सड़क को बचाने की अपील प्रशासन से की है। मामले में एनएच के सहायक अभियंता प्रमोद सुयाल ने बताया कि जल्द ही गड्ढे को भरकर दीवार को बचाने के लिए कार्य किया जाएगा।

### भुमका में स्पेशल कंपोनेंट प्लान के अंतर्गत बागवानी संस्थान की बैठक हुई

**नैनीताल** । जिले के ओखलकांडा विकास खंड की ग्राम सभा भुमका में स्पेशल कंपोनेंट प्लान के अंतर्गत बागवानी संस्थान की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान महतोली विमला देवी द्वारा की गई जबकि संचालन पूर्व ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र बौद्ध ने किया बैठक में विभाग ने बताया कि भुमका, महतोली व हरीनगर और बरमधार इन चार गांवों को स्पेशल कंपोनेंट प्लान में मुकेश चंद्र बौद्ध के लगातार प्रयासों और फ लॉलो अप के कारण शामिल किया गया है। योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को कृषि सुविधाएँ मुहैया कराई जाएँगी तथा कृषि यंत्र,सिंचाई हेतु पाइप एवं पाइपलाइन सामग्री, खेती हेतु ट्रे और आगामी चरणों में गुणवत्ता वाले बीज एवं पौध मुहैया कराए जाएंगे।यह सामग्री अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों को प्राथमिकता के आधार पर प्रदान की जाएगी।

# न्याय पंचायत ज्योलीकोट की ग्राम सभाओं के जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड के तहत न्याय पंचायत ज्योलीकोट की आठ ग्राम सभाओं का शपथ समारोह कार्यक्रम मंगलवार को सरकार द्वारा संचालित गेठिया महिला उपवन में किया गया।

बता दें परंपरा के मुताबिक निर्वाचित ग्राम प्रधानों सहित वार्ड सदस्यों का पुष्प गुच्छ एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुखय अतिथि भीमताल विकास खंड के बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने अपने चितपरिचित अंदाज में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आठ ग्राम सभाओं के अलावा अन्य क्षेत्र



से आई जनता को संबोधित करते हुए कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि अकसर शपथ लेने के बाद समाज से कटकर अपनी जिमेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं जिस कारण कई क्षेत्रों का विकास नहीं हो पाता कयोंकि जिस क्षेत्र में जनप्रतिनिधि कार्य नहीं करेगा तो उसे क्षेत्र का विकास कैसे हो पाएगा? कई जन प्रतिनिधि चुन जाने के बाद बैठकों में उपस्थित नहीं होते जिस कारण क्षेत्र तक लाभकारी योजनाएं जनता तक नहीं पहुंच पाती। उन्होंने स्पष्ट रूप से उपस्थित जनता से अपील की आने वाले पांच साल बाद ऐसे जनप्रतिनिधि को कभी भी न चुने जो पद लेने के बाद गायब रहता हो।

डॉ. बिष्ट ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की विकास के लिए जोर दिया। शपथ समारोह में शपथ ग्रहण करने वालों में ग्राम प्रधान बेलुवाखान डॉ. बबीता मनराल, गेठिया ग्राम प्रधान रिंकू देवी, ज्योलीकोट ग्राम प्रधान नवल कुमार, भल्यूटी ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह नेगी, ज्योली ग्राम प्रधान शेखर भट्ट, भूमियाधार ग्राम प्रधान मीनाक्षी टमटा, नाईसिला ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप नगरकोटी, बेल ग्राम प्रधान ललिता मलेड़ा के अलावा आठ ग्राम सभा के निर्वाचित वार्ड सदस्य द्वारा शपथ ग्रहण की गई। सहायक समाज कल्याण अधिकारी दिनेश सिंह बिष्ट द्वारा निर्वाचित प्राधिकारियों को शपथ दिलवाई गई। शपथ समारोह का संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बीना बेनवाल एवं अजय कुमार द्वारा किया गया। शपथ समारोह में ग्राम विकास अधिकारी एल.डी.आर्य के अलावा कुंदन सिंह जीना,अशोक कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र मनराल, हरेंद्र बिष्ट, विक्की कुमार, वीरेंद्र मेहरा, प्रकाश आर्या, उमेद सिंह मनराल, पारस बिष्ट, मनीष कुमार, विमल कुमार, रवि बोरा तथा पान सिंह खनी आदि लोग उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 सात दिवसीय सहकारिता मेले का शुभारंभ

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किए जाने के अवसर पर उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी जनपदों में सहकारिता मेलों का आयोजन कराया जा रहा है। इसी क्रम में हल्द्वानी के एम बी इंटर कॉलेज मैदान में सात-दिवसीय सहकारिता मेले का मंगलवार को नैनीताल-उधमसिंह नगर क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट एवं अति विशिष्ट अतिथि सहकारिता मंत्री डॉ धन सिंह रावत द्वारा मैदान में लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में क्षेत्रीय सांसद ने कहा कि सहकारिता मेले लगाने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आर्थिक,सामाजिक गतिविधियों को ब?ाने के साथ ही किसान, उद्यमियों,महिला समूहों को नई पहचान



दिलाने व स्थानीय उत्पादों को स्थायी बाजार उपलब्ध कराना, महिला स्वयं-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। सांसद श्री भट्ट ने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में राज्य में अनेक विकास हुए हैं। राज्य में रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है सहकारिता के क्षेत्र में यहां के युवा आत्मनिर्भर हो रहे हैं महिला समूहों की आर्थिकी बड़ी है। इस अवसर पर सरकारी बैंक के प्रबंध निदेशक प्रदीप मल्होत्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए सहकारिता मेले के आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्ति किए। विभाग के संयुक्त निबंधन नीरज बेलवाल ने सहकारिता मेले के उद्देश्यों आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम में कृषि, उद्यान, पशुपालन, डेयरी, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद एवं विभिन्न सरकारी विभागों सहित अन्य स्टॉल लगाए गए। मेले में आँचल कला केन्द्र की टीम द्वारा परंपरागत लोक संस्कृति, लोकगीत से सभी का स्वागत किया। संचालन विभु कृष्णा एवं मीनाक्षी द्वारा किया गया।

# डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर कारोबारी से 23,55,451 की ठगी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कैम्पा कोला डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने के नाम पर एक कारोबारी से 23,55,451 रुपये की बड़ी ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर साईबर क्राइम पुलिस स्टेशन कुमाऊँ परिक्षेत्र, रुद्रपुर में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अक्षय अग्रवाल, पुत्र दीपक अग्रवाल, निवासी 48 आइडिया कॉलोनी, ग्राम लालपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कैम्पा कोला की डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 28 सितंबर 2025 को गूगल पर खोज की, जहां उन्हें तपसइनेपदमेण्बवपण्द नामक वेबसाइट मिली। इसी वेबसाइट पर उपलब्ध मोबाइल नंबर 7250496791 से उन्होंने संपर्क किया। फोन करने पर कथित अधिकारियों ने उन्हें व्हाट्सएप पर बात करने को कहा और डिस्ट्रीब्यूटरशिप से जु? फॉर्म, टर्म्स एंड कंडीशन, प्रोडक्ट लिस्ट और एक ऑडियो क्लिप भेज दी। उन्होंने आईटीआर,जीएसटी,आधार, पैन सहित कई दस्तावेज मांगे, जिन्हें उनके कहने पर भेज दिया गया। इसके बाद 31 अक्टूबर 2025 को पी?ित को डिस्ट्रीब्यूटरशिप अप्रूवल फॉर्म भेजकर 82,010 रुपये रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में जमा करने को कहा गया। पीड़ित के मुताबिक रकम बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दी। अगले ही दिन देहरादून बुलाया गया, जहां नए बहाने बनाकर उनसे 4,60,000 रुपये सिक्योरिटी फीस और 80,000 रुपये एग्रीमेंट फीस मांगी गई। पी?ित के अनुसार, ठगों ने बार-बार कंपनी नीतियों के बदलने का हवाला देकर पहले सिक्योरिटी और फिर शुरुआती स्टॉक की पेमेंट करने का दबाव बनाया। बाद में उसने 4 नवंबर 2025 को 4,60,000 रुपये ओर 11 नवंबर 2025 को 9,44,000 रुपये आरटीजीएस के माध्यम से सूरज कुमार नामक व्यक्ति के खाते में भेज दिए। ठगों ने ट्रक के देहरादून पहुंचने से लेकर ड्राइवर की समस्याओं तक कई बहाने बनाकर भ्रमित रखा। बाद में पी?ित से गोदाम और टीम इंश्योरेंस के नाम पर 6,18,940 रुपये, तथा बाद में एनओसी के लिए 2,50,501 रुपये और जमा कराए। लेकिन अगले दिन रिफंड के नाम पर 2,50,000 रुपये भेजने के बजाय मात्र 2,500 रुपये उनके खाते में भेजे गए, जिसकी रसीद पर गलत जानकारी थी।

# यूनिवर्सल कप-2025 वॉलीबॉल के बालक वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल विजेता

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

यूनिवर्सल कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में चल रहे 15वें 'यूनिवर्सल कप'-2025 अंतर विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन हुए फाइनल मुकाबलों के बालक वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी ने व बालिका वर्ग में सरस्वती एकेडमी स्कूल हल्द्वानी की टीम ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर यूनिवर्सल कप-2025 वालीबॉल प्रतियोगिता की विजेता बन यूनिवर्सल कप का खिताब अपने नाम किया ।

प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी की टीम को पहले, तीसरे, चौथे सैटों में 25-19, 27-25, 27-25 से पराजित कर यूनिवर्सल कप 2025 का खिताब अपने नाम किया।
वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी की टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी की टीम को पहले व दूसरे सैटों में 25-18, 25-20 से शिकस्त देकर यूनिवर्सल कप पर अपना कब्जा किया।
सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी की टीम बालक वर्ग में* तथा *बालिका वर्ग में यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी की टीम* इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता की उपविजेता टीमें रहीं। दोनों फाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे सभी टीमों के मध्य काफी प्रतिस्पर्धा व जद्दोजहद देखने को मिली। इससे पहले तीसरे दिन की शुरुआत में खेले गए बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में यूनिवसर्ल स्कूल ने शेमफोर्ड स्कूल को पहले व दूसरे सैटों में 25-14, 25-10 से हराकर फाइनल में जगह बनाई व सरस्वती एकेडमी ने द हेरिटेज स्कूल को पहले व दूसरे सैटों में 25-21, 25-22 से हराते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। वहीं बालिका वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों सरस्वती एकेडमी ने के वी हल्द्वानी को पहले व दूसरे सैटों में 25-14, 25-11 से हराकर तथा यूनिवर्सल स्कूल हल्द्वानी ने दून स्कूल गेबुआ को पहले व दूसरे सैटों में 25-16, 25-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।



### कोतवाल ने दिलाई कर्मियों को संविधान दिवस की शपथ, वृक्षारोपण भी किया

**रुदपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी ने रुद्रपुर कोतवाली परिसर में कर्माचारियों को संविधान दिवस की शपथ दिलाई। शपथ के बाद थाना परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया। वृक्षारोपण के दौरान एसएसआई अनिल जोशी, चौकी प्रभारी रम्पुरा विजेंद्र सिंह,एसआई प्रियांशु जोशी, एसआई धीरज, एएसआई अमित कुमार,कांस्टेबल दीपचंद चालक नरेश जोशी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर को 350वीं पुण्य तिथि पर किया याद

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर की 350 वीं पुण्यतिथि पर गुरुद्वारा श्री सिंह सभा नैनीताल में गुरु तेग बहादुर के लिखें नवें महले श्लोकों का पाठ कर अरदास की गई।

गुरु सिंह सभा के महासचिव अमर प्रीत सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर की 3500 वीं शहीदी दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गुरुद्वारे में गुरु तेग बहादुर के लिखें गए नवें महले



श्लोकों का पाठ कर अरदास की गई, जिसके बाद गुरुद्वारे में चाय का लंगर लगाया गया। इस दौरान गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह आनन्द, संदीप सिंह, जसमीत सिंह, जसकरण सिंह, गगन दीप सिंह, अमरजीत सिंह तथा सतनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

# 100 वें दिन आगामी आंदोलन की रणनीति पर विचार विमर्श

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मालिकाना अधिकार लेने, बागजाला को राजस्व गांव बनाने, पंचायत चुनावों में मताधिकार पुन: बहाल करने, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, जल जीवन मिशन योजना से टूटी सड़कों का निर्माण करने, जल जीवन मिशन कार्य को पूरा कर हर घर नल, हर घर जल देने का कार्य शुरू करने, गोवंश संरक्षण अधिनियम के चलते आवारा सरकारी गोवंश से पशुपालकों, किसानों, राहगीरों को हो रहे जानमाल के नुकसान से निजात दिलाने के लिए गोवंश की स्थिति अनुसार सरकारी मूल्य निर्धारण कर सरकारी खरीद की गारंटी करने के लिए बागजाला में अनिश्चितकालीन 100 वें दिन आगामी आंदोलन की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। कल उपजिलाधिकारी



हल्द्वानी के नेतृत्व में प्रशासन, वन विभाग, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि रुकी हुई सड़क का निर्माण एक सप्ताह में किया जाएगा, निर्माण कार्य और विकास कार्यों पर लगी रोक को लेकर प्रस्ताव तैयार किया जायेगा, पेयजल योजना का विधिवत प्रस्ताव जल संस्थान भेजेगा तो वन विभाग स्वीकृति प्रदान करेगा और मालिकाना अधिकार का प्रस्ताव प्रशासन शासन को भेजेगा। प्रशासन द्वारा एक हफ्ते का समय मांगा गया था, धरना स्थल पर एक के स्थान पर दो हफ्ते तक इंतजार करने का फैसला लिया गया। लेकिन दो हफ्ते में आश्वासन के अनुरूप काम नहीं किया गया तो 15 दिन बाद पुन: आंदोलन शुरू किया जायेगा और अबकी बार आंदोलन बागजाला गांव में नहीं प्रशासनिक अधिकारियों के दफ्तर पर डेरा डालो, घेरा डालो के रूप में किया जायेगा।

बागजाला के धरना स्थल पर 100 वें दिन अपनी बात रखते हुए भाकपा (माले) के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि, किसान महासभा के नेतृत्व में बागजाला वासियों ने एक ऐतिहासिक आंदोलन किया है जिसके बल पर प्रशासन को झुकना पड़ा है। इस राज्य में बागजाला से लेकर प्रहलाद पलसिया शक्ति फार्म के लोगों, उपनल कर्मियों, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चौखुटिया, घनसाली में, आवारा गोवंश की समस्या के समाधान के लिए स्यालदे में आंदोलन चल रहा है लेकिन भाजपा सरकार के पास उनको देने के लिए बुलडोजर के अलावा कुछ नहीं है। आंदोलन के बूते बने राज्य में यह सरकार का दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं का समाधान करे परंतु भाजपा सरकार इसके उलट जनता के दमन पर आमादा है।